प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

0000

जे पी नडडा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के स्वास्थ्य ढांचे का बेहतर विकास हुआ है। नड्डा ने कहा कि सभी के लिए स्वास्थ्य के प्रति वचनबद्धता के अनुसार सरकार ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की, जो विश्व में सबसे बड़ी पूर्ण वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है। उन्होंने कहा कि सरकार गर्भाशय के कैंसर की जल्द पहचान और उपचार के लिए राष्ट्रव्यापी गर्भाशय कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम भी चला रही है। नड्डा ने कहा कि सभी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर में सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं की उपलब्धता बढ़ाना है।

बैठक

कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में आज शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में अहम बैठक का आयोजन होगा। इस बैठक में संगठन की मजबूती के साथ सरकार की नीतिओं को जनता तक पहुँचाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की जाएगी। इसके अलावा मस्जिद विवाद को लेकर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे आंदोलन और राज्य में शांति का माहौल बनाये रखने पर चर्चा संभावित है। बैठक में संगठन के साथ साथ सत्ता से जुड़े नेता मौजूद रहेंगे।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने राज्य में पानी के बढ़ाए गए दामों पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस सरकार ने बड़े–बड़े वादे किए थे लेकिन दुग्ध उपकर और वाटर सैस लगा कर सरकार ने जनता पर बोझ डाला दिया है। कांगड़ा जिला के एक दिवसीय दौरे के दौरान अनुराग ठाकुर ने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दाम दो बार बढ़ाए गए हैं जिससे महंगाई लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश में अधिकारी और कर्मचारियों की तनख्वाह व पेंशनर की पेंशन भी समय पर नहीं दी गई।

उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राज्य सरकार दोनों हाथों से लूटने में लगी हुई है और जनता से किये वादों की अनदेखी कर रही है।

कंगना रणौत

मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद कंगना रनौत इन दिनों मनाली विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर है। इस दौरान कंगना रनौत ने कल मनाली के साथ लगते शलीन गांव में भाजपा मनाली मंडल के द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में शिरकत की। इस अवसर पर कंगना रनौत ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को भी सुना। वहीं इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कंगना रनौत ने कहा कि भाजपा आज देश की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है और ऐसे में लोग भाजपा के इस नए सदस्यता अभियान में जुड़ कर पार्टी का सदस्य बन सकते हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। बीते तीन दिनों से खिली धूप के चलते अधिकतम तापमान में भी वृद्धि हुई है। जबकि मैदानी भागों में उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। गत दिनों रोहतांग पास, शिंकुला और बारालाचा दर्रे पर हुई ताजा बर्फबारी के बाद यहाँ पर्यटकों की आमद में भी बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल मौसम साफ बना रहेगा जबकि 25 सितंबर को कुछ क्षेत्रों में वर्षा होने की सम्भावना जताई गई है।

<u>सुर्खिया समाचार पत्रों से ....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। मौसम की खबर पर पंजाब केसरी ने लिखा है पर्यटन स्थलों पर लौटी रौनक, 158 पर्यटक वाहन पहुंचे रोहतांग पास। अमर उजाला का भीर्शक है f□मला और कल्पा से भी गर्म प्रदे□ा का सबसे ठंडा क्षेत्र केलांग। दैनिक भास्कर के भाब्द हैं मौसम खुलते ही प्रदे□ा में बढ़ने लगे सैलानी होटलों में ऑक्यूपेंसी 30 फीसदी तक बढ़ी।

आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है डॉ. वाई एस परमार ऋण योजना को दिया गया विस्तार, कमजोर वर्ग के छात्रों को लाभान्वित करने के लिए लिया निर्णय। हिमाचल दस्तक के भाब्द हैं सरकार युवाओं को विदे□ाों में करवाएगी पढ़ाई।

हिमाचल में सड़क–पेयजल समेत 70 योजनाओं के टेंडर रद्द। अमर उजाला की एक खबर है।

भाानन प्रोजैक्ट मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज भाीर्शक से दैनिक सवेरा टाइम्स ने लिखा है प्रोजैक्ट हिमाचल को वापस मिलने की स्थिति में सालाना 200 करोड़ की होगी आमदनी।

खाली पद पर भी नहीं होगा ि□ाक्षक का तबादला भाीर्शक से दैनिक जागरण ने लिखा है सत्र के बीच सेवानिवृत्ति रोकने का निर्णय ले सकती है सरकार।

गारंटर के फर्जी साइन कर बैंक से लिया लाखों रूपए का लोन, कोर्ट से समन आने पर लगा पता दैनिक भास्कर की एक खबर है।

ईडी ने भाुरू की रोगियों की फिजिकल वेरिफिके□ान भाीर्शक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है घोटाले में हॉस्पिटल के बैंक खातों सहित बैलेंस भाीट भी खंगाल रही जांच एजेंसी।